VN – 06

B.A. B.Ed. (Semester – V) Examination, October/November 2017
HINDI (Paper – VI)
Aadhunik Hindi Kavya

Duration : 2 Hours   Total Marks : 70

1. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : (3×5=15)

   i) रामकृष्ण मिशन के कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

   ii) द्विवेदी युगीन कविता में अनुवाद की प्रचुरता को समझाइए ।

   iii) भारतेन्दु हरिश्चंद्र का संक्षिप्त परिचय दीजिए तथा उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए ।

   iv) 'वसंत' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

   v) कवि को थाने से चिढ़ क्यों है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : (3×5=15)

   i) 'कल्पना छायावादी काव्य का प्राण है' – कथन पर प्रकाश डालिए ।

   ii) प्रगतिवाद में वर्ग संघर्ष का चित्रण किस प्रकार किया है ?

   iii) नागार्जुन का परिचय दीजिए तथा उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए ।

   iv) 'हाथ' कविता का भाव सौंदर्य लिखिए ।

   v) 'यह पृथ्वी रहेगी' कविता के माध्यम से कवि के आशावादी स्वर को स्पष्ट कीजिए ।

3. अ) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5

   i) छोटे-से आँगन में
   माँ ने लगाया हैं
   तुलसी के बिरवे दो
   पिता ने उगाया है
   बरगद छतनार

अथवा

P.T.O.

ii) मुझे आदमी का सड़क पार करना
हमेशा अच्छा लगता है
क्योंकि इस तरह
एक उम्मीद-सी होती है
कि दुनिया जो इस तरफ़ है
शायद उससे कुछ बेहतर हो
सड़क के उस तर तरफ़

आ) i) केदारनाथ सिंह लोकजीवन के सम्बद्ध कवि हैं –कथन को स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

ii) 'जनहित का काम' अथवा 'दो मिनट का मौन' कविता का भावार्थ लिखिए । 5

4. अ) आधुनिक काल के सामाजिक और शैक्षणिक परिवेश का विवेचन कीजिए : 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

I) प्रार्थना समाज ।

II) आधुनिक हिन्दी का राजनीतिक परिवेश ।

5. अ) छायावाद के काव्य-प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए । 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

I) भारतेन्दु युगीन कविता में सामाजिक चेतना की अभिव्यक्ति और हास्य व्यंग्य ।

II) द्विवेदी युगीन कविता में देशभक्ति का स्वर और श्रृंगार का बहिष्कार ।

6. अ) प्रयोगवाद कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

I) प्रगतिवादी काव्य में व्यक्त सामाजिक यथार्थवाद ।

II) नयी कविता ।